आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 17.04.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में पहले चरण के तहत उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए चुनाव प्रचार आज शाम छह बजे समाप्त हो जाएगा।
- द्वीपसमूह में इस बार दो सौ छः मतदान केन्द्रों में वेब कास्टिंग होगी।
- उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए मतदाता वैकल्पिक फोटो पहचान पत्र दिखाकर भी मतदान कर सकते हैं।
- द्वीपों में चुनाव को सुचारू बनाने के लिए परिवहन की एक सौ चालीस रूट बनाए गए है।
- श्री रामनवमी का पर्व आज मनाया जा रहा है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में पहले चरण के तहत उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए चुनाव प्रचार आज शाम छः बजे समाप्त हो जाएगा। भारतीय चुनाव आयोग की ओर से इस संबंध में विशेष निर्देश जारी किया गया है, ताकि मतदान को स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न कराया जा सके और कानून और व्यवस्था को भी कायम रखा जा सके। द्वीपों के निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा ने आज मीडिया को चुनाव पूर्व तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि मतदान से अड़तालीस घंटे पूर्व यानी आज शाम छः बजे से लेकर बीस अप्रैल तक धारा एक सौ चवालीस लागू रहेगी। यह आदेश कामकाजी लोग और अन्य धार्मिक समारोह के अलावा मतदान के लिए मतदान केन्द्र के भीतर आने वाले मतदाताओं पर तब तक लागू नहीं होगा, जब तक वे किसी प्रकार की अवैध गतिविधि या शांति भंग करने का प्रयास न करें। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने मतदाताओं से उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने का अनुरोध किया है।

श्री अर्जुन शर्मा ने कहा कि मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण और बेतरतीब का काम भी पूरा हो चुका है। अट्ठारह अप्रैल को मतदान कर्मी अपने–अपने सब–डिविजन के लिए रवाना हो जाएंगे। ई वी एम भेजने का कार्य कर लिया गया है। अधिकांश हिस्सों में ई वी एम पहुंच चुकी है और उन्हें चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार स्ट्रांग रूम में सील भी कर दिया गया है।

पोर्ट ब्लेयर और अन्य सब–डिविजन में भी मतदान कर्मी एकत्र केन्द्र में इकट्ठा होंगे तथा मतदान सामग्रियां और ई वी एम की जांच करके अपने–अपने मतदान केन्द्रों के लिए रवाना हो जाएंगे। श्री अर्जुन शर्मा ने कहा कि संवेदनशील, दुर्गम, मतदान केन्द्रों में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के अलावा सूक्ष्म पर्यवेक्षक भी नियुक्त किए गए हैं।

निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि इस बार दो सौ छः मतदान केन्द्रों में वेब कास्टिंग होगी।

<><><><><><><>

इस बीच, अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में आज से उन्नीस अप्रैल और चार जून मतगणना के दिन ड्राई डे की घोषणा की गई है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में शत–प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने और मतदाताओं को उनके मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने के वास्ते मतदान के दिन वैकल्पिक फोटो पहचान पत्र दिखाकर भी मतदान किया जा सकता है। जिन मतदाताओं के पास फोटो मतदाता पहचान पत्र नहीं हैं, वे पहचान के लिए वैकल्पिक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक या डाक कार्यालय की ओर से जारी फोटोयुक्त पासबुक, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एन.पी.आर के तहत आर.जी.आई की ओर से जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज़, केन्द्र, राज्य सरकारों, सार्वजनिक उपक्रम के कर्मचारियों को इन संस्थाओं की ओर से जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, यूडीआईडी कार्ड दिखाकर भी मतदान कर सकते हैं। हालांकि चुनाव आयोग मतदाताओं की सुविधा के लिए संबंधित मतदान केन्द्रों के बूथ स्तर के अधिकारियों के माध्यम से मतदाता सूचना स्लिप का वितरण का कार्य कर रहा है, ताकि मतदाता अपने मतदाता सूची में उनके नाम, मतदान केन्द्र, मतदान की तिथि, समय और उनके मतदान सूची में क्रम संख्या के बारे में जानकारी हासिल कर सके। हालांकि मतदाता सूचना स्लिप मतदाता की पहचान के साक्ष्य के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। द्वीपसमूह के मतदाताओं से प्रजातांत्रिक प्रक्रिया में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की गई है। मतदान उन्नीस अप्रैल को सुबह सात बजे से शाम छः बजे के बीच होगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में आगामी लोकसभा चुनाव को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए परिवहन की भी व्यापक व्यवस्था की गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी.एस जगलान ने बताया कि चार सौ बारह मतदान केन्द्रों के लिए एक सौ चालीस रूट बनाए गए हैं। इनमें एक सौ सोलह बसों का इस्तेमाल किया जाएगा। ग्यारह जीप होंगे और तीन जलयान की व्यवस्था होगी। उन्होंने बताया कि द्वीपों में साठ संवेदनशील मतदान केन्द्रों की पहचान की गई है। इनमें दक्षिण अंडमान में तैंतीस और मध्योत्तर अंडमान में सत्ताईस मतदान केन्द्र हैं। सत्ताईस मतदान केन्द्र को दुर्गम माना गया है, जबकि दूर–दराज के क्षेत्र में पैंतालीस मतदान केन्द्रों की पहचान की गई है। दक्षिण अंडमान जिले में ऐसे चार मतदान केन्द्र हैं, जिनमें स्ट्रेट आइलैंड, बड़ा खाड़ी, डुगाँग क्रीक और रटलैंड शामिल हैं। उन्होंने कहा कि तेरह मतदान केन्द्र ऐसे हैं, जहां सौ से भी कम मतदाता हैं। सबसे कम पिलोपातिया में बारह मतदाता है, जबकि लॉ फुल बे में सिर्फ चौदह मतदाता हैं। उन्होंने कहा कि तेरह मतदान केन्द्र ऐसे हैं, जहां मोबाइल फोन आदि की व्यवस्था नहीं हैं। इसके लिए वी एच एफ और सेटेलाईट फोन की व्यवस्था की गई है। इस चुनाव में तीन आदिम जनजातियों के नाम भी मतदाता सूची में शामिल हैं। इनमें शोम्पेन मतदाताओं की संख्या अट्ठानब्बे, ओंगी की अड़सठ और अंडमानिस की उनतालीस है।

श्री जगलान ने कहा कि पचासी वर्ष से अधिक उम्र के लोग और दिव्यांगजन मतदाता जो मतदान केन्द्र में मतदान करने में असमर्थ रहेंगे, उनके लिए डाक मतपत्रों के जरिए मतदान कराया जाएगा।
श्री जगलान ने कहा कि इस आम चुनाव में पुलिस सहित पांच हजार तीन सौ से अधिक लोगों को ड्यूटी पर लगाया गया है और जिन लोगों को भी ड्यूटी पर लगाया गया है, वे अपने–अपने क्षेत्र में मतदान करेंगे और इसके लिए उन्हें ड्यूटी स्लिप भी मुहैया करवाया गया।

<><><><><><><>

पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी रामनवमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने अपने संदेश में द्वीपवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान राम का जीवन हमें प्रेम, करूणा, सत्य, सदाचार और नैतिकता का संदेश देता है। यह त्यौहार हमें उनके आदर्शों का स्मरण करते हुए, अपने जीवन में उनका अनुसरण करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि द्वीपवासियों के जीवन में प्रसन्नता और समृद्धि का आगमन हो और हमारा यह द्वीपसमूह शांति और प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर होता रहें।

<><><><><><><>

राम नवमी के अवसर पर आज द्वीपों के विभिन्न भागों में कार्यक्रम आयोजित किए गए है। ब्रुक्शाबाद के श्री हनुमानगढ़ मंदिर में आज सुबह दस बजे पूजा–पाठ के बाद में दिन में बारह बजे से भोग प्रसाद का वितरण किया जाएगा। चिन्मय मिशन पोर्ट ब्लेयर में आज सुबह साढ़े नौ बजे से कार्यक्रम आरंभ होगा। दिन में ग्यारह बजे सुंदरकांड पाठ होगा और दिन में साढ़े बारह बजे प्रसाद का वितरण किया जाएगा। बरगद लाईन स्थित सिरडी साई बाबा मंदिर में आज सुबह साढ़े नौ बजे पूजा–अर्चना के कार्यक्रम आरंभ होंगे। दिन में साढ़े बारह बजे से प्रसाद का वितरण किया जाएगा। श्री राम मंदिर ब्रिचगंज में आज सुबह दस बजे मनका पाठ आरंभ होगा और बाद में भोग प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

उधर, नवरात्रि का भी आज अंतिम दिन है और आज माता कि सिद्धिधात्री रूप की आराधना की जाएगी।

**<><><><><><><>**